भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 819
09 फरवरी, 2024 को उत्तरार्थ

विषय: हरियाणा में पीएमएफबीवाई के लाभार्थी

819. श्री कार्तिकेय शर्माः

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री फसली बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) से लाभान्वित हुए किसानों की राज्य-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान हरियाणा राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से लाभान्वित हुए किसानों की जिला-वार कुल संख्या कितनी है; और

(ग) सरकार द्वारा देश भर में उक्त योजना के पूर्ण कार्यान्वयन और इसके कवरेज में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए की गई भावी पहलों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री अर्जुन मुंडा)

(क) प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के अंतर्गत वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 तक बीमित किसान आवेदनों की राज्य-वार कुल संख्या का ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) : पीएमएफबीवाई के अंतर्गत हरियाणा में वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 तक बीमित किसान आवेदनों की जिला-वार कुल संख्या का विवरण **अनुबंध - II** में दिया गया है।

(ग) फसल बीमा योजनाओं की समीक्षा/संशोधन/युक्तिकरण/सुधार एक सतत प्रक्रिया है तथा हितधारकों के सुझावों/अभ्यावेदनों/सिफारिशों/अध्ययनों पर समय-समय पर निर्णय लिए जाते हैं। प्राप्त अनुभव, विभिन्न हितधारकों के विचारों के आधार पर और बेहतर पारदर्शिता, जवाबदेही, किसानों को दावों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और योजना को अधिक किसान अनुकूल बनाने के उद्देश्य से, सरकार ने समय-समय पर पीएमएफबीवाई के प्रचालन दिशानिर्देशों को व्यापक रूप से संशोधित किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि योजना के अंतर्गत लाभ पात्र किसानों को समय पर और पारदर्शी ढंग से पहुंचें ।

अनुबंध-I

पीएमएफबीवाई के अंतर्गत पिछले 5 वर्षों यानी वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 के दौरान बीमित किसान आवेदनों का राज्य-वार विवरण (31.12.2023 तक)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	**बीमित किसान आवेदन (लाख में)**
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0.02
आंध्र प्रदेश	231.18
असम	42.38
छत्तीसगढ़	243.26
गोवा	0.02
गुजरात	46.52
हरियाणा	77.70
हिमाचल प्रदेश	12.95
जम्मू और कश्मीर	3.37
झारखंड	23.87
कर्नाटक	101.37
केरल	4.36
मध्य प्रदेश	512.91
महाराष्ट्र	624.92
मणिपुर	0.12
मेघालय	0.02
ओडिशा	329.17
पुडुचेरी	0.99
राजस्थान	1002.61
सिक्किम	0.08
तमिलनाडु	244.26
तेलंगाना	18.33
त्रिपुरा	9.52
उत्तर प्रदेश	233.55
उत्तराखंड	10.41
पश्चिम बंगाल	53.19
सकल योग	**3827.08**

अनुबंध-II

हरियाणा में पीएमएफबीवाई के अंतर्गत वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 तक बीमित किसान आवेदनों की कुल संख्या का जिले-वार विवरण (31.12.2023 तक)

हरियाणा के जिलों का नाम	**बीमित किसान आवेदन (लाख में)**
अंबाला	1.57
भिवानी	9.77
चरखी दादरी	3.07
फरीदाबाद	0.29
फतेहाबाद	5.48
गुडगाँव	0.82
गुरुग्राम	0.17
हिसार	10.18
झज्जर	1.99
जींद	4.94
कैथल	3.74
करनाल	2.51
कुरुक्षेत्र	2.43
महेंद्रगढ़	5.05
मेवात	0.65
नूह	0.29
पलवल	1.62
पंचकूला	0.35
पानीपत	1.17
रेवाड़ी	4.84
रोहतक	1.67
सिरसा	10.76
सोनीपत	3.12
यमुनानगर	1.22
सकल योग	**77.70**

******